Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct underpasses and underbridges at crossings no. 248 and 249 near Sandila railway station under Moradabad division in Mishrikh Parliamentary Constituency.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख में उत्तर रेलवे के अधीन मुरादाबाद डिवीज़न के संडीला रेलवे स्टेशन के पास एक लेवल क्रॉसिंग नंबर 248 व 249 पर क्रमश: अंडरपास व आरओबी के निर्माण में हो रही देरी की ओर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

महोदय, स्थानीय जनता काफी समय से इन निर्माण कार्यों की मांग कर रही है । अंडरपास व आरओबी न होने से यहां यातायात की व्यवस्था चरमरा जाती है । इसका अनिवार्य सेवाओं में लगे वाहनों, एम्बुलेंस, फायर या पुलिस इत्यादि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । मेरी जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में देरी होना इसके विलम्ब का कारण है । मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस प्रकरण को राज्य सरकार के साथ विचार-विमर्श के उपरांत उचित कार्रवाई हेतु अपने अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें ।